## सार-समाचार

### दीपोत्सव पर बाजार हुए गुलजार

चूरू (निसं)। तीन दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को बाजारों में ग्राहकों की काफी भीड़ दिखाई दी। विभिन्न मुहूर्त के साथ लोगों ने जमकर खरीदारी की। यहां सराफा मार्केट से लेकर राशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कार, बाइक सहित अनेक शोरूमों में तथा वैकल्पिक दुकानों में भी काफी भीड़ दिखाई दी। वहीं आतिशबाजी बाजार भी गुलजार दिखाई दिए। लोगों ने मिट्टी के दिए, ज्वेलरी, बर्तन, मिठाई, कपड़े व पटाखों की जमकर खरीदारी की। शहर के गुदडी बाजार, गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर, सुभाष चौक, नई सड़क पर बाजारों में दिनभर ग्राहकों की भीड रही। शहर के सुभाष चौक से लेकर गढ़ चौराहे तक पैर रखने तक की जगह नहीं थी। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी शहर में तीन दिन बदलाव किए गए हैं। यहां पुरानी सड़क पर बालिका महाविद्यालय के पास वाहनों को रोक दिया जाता है और नई सडक पर सुभाष चौक से आगे वाहनों का आगमन बंद कर दिया जाता हैं। वहीं रूप चौदस को देखते हुये शहर के ब्यूटी पार्लरों में भी काफी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं में सजने-संवरने की होड मची हुई थी।

### 'अब स्कूलों में भी गीता क्लासेज शुरू की जाएगी'

चूरू (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को आचार्य जनार्दन ने बच्चों को नियमित अध्ययन करवाया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने कहा कि आतिशबाजी के बिना दीपावली अधूरी है। हमें अधिक से अधिक संख्या में आतिशबाजी करनी चाहिये। इस अवसर पर फाउंडेशन के मुरली सराफ ने कहा कि बच्चों को ग्रीन पटाखे दिलाने चाहिए और चलाते समय पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिये। इस अवसर पर आचार्य जनार्दन ने श्लोक, स्वामी जी की वाणी में प्रार्थना, नित्य नौ नियम, गीता के नियमित अध्याय व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का अध्ययन करवाया। इस दौरान बच्चों को फुलझड़ी और पटाखें वितरित किये गये। इस अवसर पर विशाल सिंघानिया, माधुरी शर्मा, दिव्या शर्मा, रेनू बजाज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान मुरली सराफ ने सभी बच्चों और कार्यकर्ताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस से दीपोत्सव की बधाइयां दी। सराफ ने कहा कि अब शीघ्र ही स्कूलों में भी गीता क्लासेज शुरू की जाएगी और इसमें लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया ने किया गया।

### दीपोत्सव पर्व को लेकर दूसरे दिन भी बाजारो में उमड़ी भीड़

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में पांच दिवसीय दिपोत्सव पर्व को लेकर रविवार को दूसरे दिन भी बाजारों में खरीददारों की जमकर भीड़ उमड़ी। जिससे बाजार गुलजार हो गए। दीपावली पर्व को लेकर बाजारों व घरों में रंग बिरंगी विद्युत स्वचालित लाइटे लगाकर रौशनी की गई है। कस्बे के मंडी बाजार, हाई स्कूल रोड़, बैरी चैक, नगीना बाजार में दिनभर लोगों की भीड़ देखी गई। जिससे बाजारों में दिनभर रौनक रही तथा भीड भाड वाले स्थानों पर पुलिस द्वारा माकूल सुरक्षा व्यवस्था की गई। थानाधिकारी मुकुट बिहारी मीणा सहित पुलिस के जवान दिनभर शहर में गश्त करते नजर आए। पर्व के चलते मैन बाजारों में पुलिस द्वारा वन-वे व्यवस्था करने पर लोगों ने राहत महसुस की। बाजार में सजी दुकाने ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र रही। स्वर्ण आभूषणों के भाव आसमान छु जाने के कारण धातु के बर्तन खरीदते दिखे। वही महिलाएं बच्चों के कपड़े, साज सजा के सामान व बिजली डेकोरेशन की दुकानों पर लाइटे खरीदती नजर आई।

### डॉ. सुनिल धायल ने आरएएस में 285वीं रैंक

**खिरोड़,** (निसं)। निकट के पीलियों के ढहर गुंगारा के डॉ. सुनिल धायल पुत्र जगनसिंह धायल पूर्व बैंक मैनेजर ने आरएएस 2023 में 285वीं रैंक हासिल की। डॉ. सुनिल धायल पूर्व में रसद विभाग में निरीक्षक के पद पर रह चुके हैं। वहीं वर्तमान में सकराय सीकर में पशु चिकित्सक के पद पर कार्यरत है। डॉ. सुनिल धायल ने युवाओं को संदेश दिया है कि कठिन मेहनत एवं दृढ निश्चय से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। डॉ. सुनिल धायल ने आरएएस में 285वीं रैंक हासिल करने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## पीसीसी के पूर्व चीफ स्व. रामनारायण चौधरी को याद किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और किसान नेता स्वर्गीय रामनारायण चौधरी की 13वीं पुण्यतिथि पर झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित जाट बोर्डिंग में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने स्व. चौधरी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल कांग्रेस संगठन को झुंझुनूं जिले में मजबूत आधार प्रदान किया। बल्कि अपने जीवनकाल में किसान, मजदूर, वंचित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर समाज की भलाई के लिए कार्य किया। रीटा चौधरी ने कहा कि स्व. रामनारायण चौधरी का राजनीतिक जीवन जनसेवा के आदर्श उदाहरण के रूप में हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने मंडावा क्षेत्र के विकास, शिक्षा और ग्रामीण उत्थान के लिए जो कार्य किए, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी स्व. चौधरी के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर स्व. चौधरी की धर्मपत्नी जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी देवी, पुत्री मंडावा विधायक रीटा चौधरी, मंडावा प्रधान शारदा देवी, पीसीसी प्रदेश प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत, मंडावा उप प्रधान पतासी देवी, मंडावा चेयरमैन नरेश सोनी, बिसाऊ चेयरमैन मुश्ताक खान, जिला परिषद सदस्य गोकुल सोनी, पीसीसी सदस्य सलीम सीगडा, नगर अध्यक्ष अयूब खान, आमीन कारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किरोड़ी पायल, यज्ञपाल सिंह, पूर्व पीसीसी सदस्य बनवारीलाल पहाडसरिया, वाइस चेयरमैन नवाब खत्री, गोपाल सैनी, पूर्व प्रधान चिड़ावा निहालसिंह रणवां, शुभकरण बास घासीराम व गुरुदयाल डाबडी आदि मौजूद थे।

## शहीद स्मारक पर दिवाली मनाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से रविवार को शहीदों को नमन करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं के साथ शहीद स्मारक पर दीपावली के दीप जला कर छोटी दीपावली मनाई और लाल पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले किन्नर समाज के लोगों को मिठाई बांटकर हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की एकता का संदेश दिया। भाजपा नेता चौहान ने दीपावली का ये खुशियों भरा त्यौहार आपसी सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की। इस अवसर पर मोर्चे के जिला महामंत्री रुस्तम अली कांट, हाजी मोहम्मद अयूब, इकबाल खान, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, अब्दुल जब्बार अब्बासी सहित अनेक मोर्चे के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए जनसंपर्क किया

झुंझुनूं, (निसं)। मेघवाल समाज चेतना संस्थान झुंझुनूं के बैनर तले होने जा रहा मेघवाल महाकुंभ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह व मेघवाल हॉस्टल बनाने के भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए हर तहसील स्तर पर टीमों में माध्यम से जनसंपर्क किया जा रहा है।

मेघवाल समाज जिला उपाध्यक्ष कैलाशदास महाराज सारी के नेतृत्व में सारी, बारी, खुडौत, हीरवा, चिड़ावा में मेघवाल समाज में मीटिंग ली और महाकुंभ के उद्देश्य बताए, महाकुंभ में जिन बच्चों के आठवीं में 90 प्रतिशत, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोतर में 70 प्रतिशत अंक, आईआईटी, एनआईटी, नीट, आरएएस, सरकारी सेवा में चयन हुआ है। उनका सम्मान किया जाएगा। किसी विशेष क्षेत्र में उपलब्धि पाने वाले का सम्मान किया जाएगा। हॉस्टल की नींव रखवाई जाएगी और जिस प्रकार पूर्व में शोक सभा 12 दिन से घटाकर सात दिन करने, अस्थि विसर्जन नहीं करने और मंदिरों में नगद भुगतान की बजाय गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री दिलाने का संकल्प लिया जा चुका है। इसी क्रम में इस बार किसी एक सामाजिक कुरीति को त्यागने का सामाजिक संकल्प लिया जाएगा।


# कार्यालय नगर पालिका मण्डल मण्डावा ( झुंझुनूं )

Ph.01592-223136 Email- mandava.jaipur@gmail.com

क्रमांक - 3392 दिनांक 17.10.2025

## दीपावली के पावन पर्व पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### नागरिकों से विनम्र अपील

नगर पालिका मण्डावा शहर की सुंदरता बनाने के लिए संकल्पित है , शहर की सुंदरता व ऐतिहासिकता को बनाये रखने के लिए नगरवासियों से सहयोग की अपील करती है :-

- घर , व्यवसाय का कचरा रास्ते में फैलाकर नहीं डाले , कचरा नगरपालिका के कचरा संग्रहण वाहन में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डाले तथा निर्धारित यूजर चार्ज जमा करवायें ।
- पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग नहीं करें ।
- सार्वजनिक एवं नगरपालिका की भूमि पर अतिक्रमण करना दण्डनीय अपराध है ।
- नगर पालिका का बकाया गृहकर , नगरीय विकास कर जमा करवाया जाना आपका दायित्व है कृपया नगरपालिका की बकाया राशि समय पर जमा करवाये , ताकि शहर का विकास हो सकें ।
- नगरपालिका की बिना सक्षम स्वीकृति के भवन निर्माण करना अवैधानिक है ।
- नगरपालिका क्षेत्र में पालतु पशु , आवारा पशु , कुत्तों , सुअरों को विचरण हेतु नहीं छोड़ें ।
- जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन समय पर करावें ।
- सार्वजनिक संपत्तियों पर पोस्टर , बैनर , वॉल पेंटिंग इत्यादि लगाना अवैधानिक है ।

अध्यक्ष
नगरपालिका मण्डावा

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मण्डावा



# कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बीदासर (चूरू)

क्रमांक :- दिनांक :-




## "शहरी सेवा शिविर : 2025" अभियान में किये जाने वाले कार्य :-

पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।



### (अ) सामान्य कार्य

1. सफाई व्यवस्था में सुधार एवं ब्लैक स्पॉटों के समाप्ति की कार्यवाही।
2. सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के तहत नई स्ट्रीट लाइटें लगाना एवं बन्द पड़ी लाईटों को चालू कराना।
3. आवारा पशुओं को पकड़ना।
4. सड़क मरम्मत / पेच वर्क के प्रस्ताव स्वीकृत कर मौके पर कार्य करना।
5. पार्क, सामुदायिक केन्द्र, रैन बसेरा आदि सार्वजनिक स्थलों के सफाई कार्य।
6. विभिन्न राजकीय जनहित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर, स्वीकृति जारी करना।
7. निकाय स्तर पर सद्भावना केन्द्र स्थापित करना।
8. जन्म मुत्यु / विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी कराना।
9. फायर एन.ओ.सी./ ट्रेड- लाईसेंस/डेयरी बूथ अनुज्ञा पत्र जारी करना।
10. पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण कर विकसित करना।
11. शहर के प्रमुख चौराहों / डिवाईडरों का रख रखाव एवं सौन्दर्यकरण।
12. मोबाईल टावर एवं ओ.एफ.सी.।
13. सीवर कनेक्शन।
14. साईनेज लाईसेंस।
15. प्रोपर्टी आईडी।

### (ब) भूमि संबंधी कार्य

1. अकृषि भूमि का समर्पण स्वीकार कर धारा 69-ए एवं नियम 2015 के तहत फ्री होल्ड पट्टा (निकाय के क्षेत्र में निकाय द्वारा जारी) लिजडीड / लाईसेंस, 90-ए / 90-बी के पट्टे एवं योजना के पट्टों को छोड़कर)।
2. कृषि भूमि के अकृषि प्रयोजन की अनुज्ञा (90-ए /90-बी) एवं नियम 2012 के तहत लीज होल्ड/फ्री होल्ड पट्टे।
3. निकाय की योजना में विक्रय/आंवटित भूमि/भूखंड के नियम 1974 के तहत लीज होल्ड/फ्री होल्ड पट्टे।
4. सर्वे शुदा / चिन्हीत / अधिसूचित कच्ची बस्ती में दिनांक 31.12.2021 तक के कब्जे के नियमन पट्टे।
5. लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे (आवंटन नीति, कच्ची बस्ती स्टेट ग्रान्ट के पट्टे नियम 1974 के नियम 18 से 19 में आवंटित भूमि को छोड़कर)।
6. उपविभाजन / पुर्नगठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, खांचा भूमि / बढ़ी हुई भूमि के आवंटन / स्वीकृति आदेश के पश्चात पुराना पट्टा समर्पण कर नया लीज होल्ड / फ्री होल्ड पट्टे।
7. राजकीय भूमि को बसी हुई अनुमोदित योजनाओं के नियम 1974 के तहत पट्टे।
8. आवाप्त / अर्जन भूमि के बदले भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टे।
9. लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र।
10. नामन्तरण / नाम हस्तान्तरण।
11. नियम 1975 व टाउनशिप पॉलिसी के तहत उपविभाजन / पुर्नगठन।
12. भवन विनिमय 2025 के तहत भवन निर्माण स्वीकृति।
13. डीपीआर के अनुमत, अनुमति योग्य एवं नियम 2010 के तहत जनहित में भू-उपयोग परिवर्तन।
14. समस्त राजकीय भूमिया चारागाह सहित संबंधित नगर निकायों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में संयुक्त रूप से जारी किये आदेश दिनांक 17.04.2025 के अनुसार दर्ज करवाई जाकर उनकी योजना तैयार करना / भूमि का निष्पादन करना।

पेड़ हमें फल, छाया और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते है।



अपने शहर, वार्ड में किसी भी प्रकार की कचरे संबंधित समस्या के लिए **नगर पालिका** में सम्पर्क करें

सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें। शहर को साफ-सुथरा बनायें रखने में सहयोग करें।

### आम जनता से अपील

"शहरी सेवा शिविर : 2025" अभियान में पात्र व्यक्ति आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठावें, अभियान को सफल बनायें।

- हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छत्ता अभियान से जुड़े एवं इसको सफल बनायें।
- सभी नागरिक नगर पालिका के स्वच्छता कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें।
- शहर में गदंगी ना फैलाएं- खुद समझें औरों को भी समझाएं।
- सभी नागरिक सुखा व गिला कचरा अलग अलग करें तथा कचरा संग्रहण कर रहे ऑटो टीपर को कचरा दें।
- सड़को पर कचरा ना फैलाएं कूड़े को कचरा पात्र में ही डालें एवं घर व दुकानों पर कचरा पात्र रखें।
- खुले में शौच नहीं करें, शौचालय का निर्माण करवायें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग ना करे। कपड़े / जूट के थैलो का उपयोग करें।
- सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- स्ट्रीट लाईट से संबंधित शिकायतें रजिस्टर में दर्ज करवाएं।
- सभी नागरिक नगर पालिका को युजर चार्जेज जमा करायें तथा जमा करने वाली टीम का सहयोग करें अन्यथा युजर चार्जेज जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
- पर्यावरण संरक्षण, जल सरंक्षण व वृक्ष सरंक्षण के क्षेत्र में कार्य करे।
- सार्वजनिक संपतियों को पोस्टर, बैनर, वॉल पेटिंग लगाकर बदरंग न करें।
- 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वायें।
- बाल विवाह सामाजिक अपराध है इसे रोके एवं परिवार नियोजन अपनायें।






**सीताराम भोभरिया**
पालिका अध्यक्ष : नगर पालिका, बीदासर

निवेदक :- समस्त सदस्यगण, पार्षदगण एवं स्टाफ नगर पालिका, बीदासर (चूरू)

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका, बीदासर

राजस्थान संवाद